राजस्थान पत्रिका झुंझुनूं . बुधवार . 04.11.2015

कार्यशाला में इंजीनियरिंग का महत्व बताया

पिलानी.बिट्स में आयोजित कार्यशाला के उद्घाटन पर उपस्थित अतिथि।

पिलानी@ पत्रिका. बिट्स संस्थान में ससटेनएबल इंजिनियरिंग विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का उदघाटन मंगलवार को हुआ। बिट्स संस्थान , इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर एवं तकनीकी विश्वविद्यालय ब्राउनश्विक जर्मनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ बिट्स निदेशक डॉ. एके सरकार के आतिथ्य में हुआ। डा. सरकार ने ससटेनएबल इंजीनियरिंग के वर्तमान महत्व को समझाते हुए बिट्स संस्थान द्वारा ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा की सफलता से जुड़े अपने अनुभव बांटे। बिट्स के प्रशासनिक अधिकारी एससी सिवासुब्रमन्यम ने ससटेनएबल इंजीनियरिंग से कारखानों, संसाधनों एवं ऊर्जा क्षमता को मिलने वाले बल पर चर्चा की। कार्यशाला संयोजक बिट्स प्रो. के एस सांगवान ने उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला से जुड़ी जानकारी दी। कार्यशाला में भाग ले रहे जर्मनी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि मण्डल ने जर्मनी के टीयू विश्वविद्यालय की ओर से बिट्स के साथ पिछले छह वर्षों से चल रहे संयुक्त प्रयासों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला से भविष्य में कारखानों के वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र, प्रभाव आंकलन, निर्माण क्षेत्र, संसाधन क्षेत्र आदि को बल मिलेगा। कार्यशाला में जर्मनी के प्रो क्रिस्टोफ हरमन, डा स्टीफन एवं मिस स्टफनी एमन्स सहित करीब 70 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। डॉ. स्मिता रघुवंशी ने आभार जताया।

दैनिक नवज्योति जयपुर, बुधवार, 4 नवम्बर, 2015

मैकेनिकल इंजीनियरिंग पर कार्यशाला

न्यूज सर्विस/नवज्योति, पिलानी

बिट्स पिलानी मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, इंस्टीट्यूट ऑफ मशीन टूल एंड प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी, ब्राउनश्विक, जर्मनी और इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सतत अभियांत्रिकी कार्यशाला का शुभारम्भ बिट्स निदेशक प्रो. अशोक कुमार सरकार द्वारा किया गया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी प्रो. एस सी सिवासुब्रमन्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए । कार्यशाला के संयोजक प्रो.के. एस. सागवान ने मुख्य अतिथि एवं प्रतिनिधियों का स्वागत किया। कार्यशाला में ससटेनएबल इंजीनियरिंग को शिक्षित करने, अभियांत्रिकी जीवन चक्र, भविष्य में कारखानों के वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र, पर्यावरण प्रभाव आंकलन, निर्माण क्षेत्र, संसाधन क्षमता और उर्जा के क्षेत्र में उत्सर्जन में कमी की क्षमता आदि विषयों पर भी अपने सुझाव एवं विचार व्यक्त किये जाएंगे।

सीमा सन्देश जयपुर. बुधवार .4.11.2015

'ससटेनएबल इंजीनियरिंग' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ

पिलानी। बिट्स पिलानी मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, इंस्टीट्यूट ऑफ मशीन टूल एंड प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी, ब्राउनश्विक, जर्मनी और इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर, राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय (3-4 नवम्बर) सतत् अभियांत्रिकी कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि बिट्स निदेशक प्रोफेसर अशोक कुमार सरकार द्वारा किया गया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी प्रो. एस.सी. सिवासुब्रमन्य ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

प्रोफसर सरकार ने प्रशंसा करते हुए और एक उदाहरण पेश करते हुए आये हुए प्रतिनिधियों को बताया कि किस तरह से बिट्स पिलानी ने पूरे देश में कम्प्यूटरीकरण के माध्यम से ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा कराने में सफलता हासिल की। कार्यशाला के संयोजक प्रोफेसर के.एस. सागवान बिट्स पिलानी मैकेनिकल इंजीनियनिरिंग ने मुख्य अतिथि एवं प्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा जर्मनी से आये हुए कार्यशाला के विशेष रिर्सोस परसन्स से अवगत कराया तथा टीयू ब्राउनश्विक, जर्मनी और बिट्स पिलानी के पिछले 6 सालों के सहयोग एवं संयुक्त प्रयास को सांझा किया और किस तरह यह छात्रों के लिए अंतर्राष्ट्रीय निवेश पाने के मददगार साबित हुई।

कार्यशाला का उद्देश्य भविष्य में कारखानों, संसाधनो और उर्जा क्षमता में स्थिरता बनाये रखने पर चर्चा कर अपने सुझाव व्यक्त करना है इसके साथ ही ससटेनएबल इंजीनियरिंग को शिक्षित करने, अभियांत्रिकी जीवन चक्र, भविष्य में कारखानो के वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र, पर्यावरण प्रभाव आंकलन, निर्माण क्षेत्र, संसाधन क्षमता और उर्जा के क्षेत्र में उत्सर्जन में कमी की क्षमता आदि विषयों पर भी अपने सुझाव एवं विचार व्यक्त किये जायेंगे। 70 प्रतिनिधि इस कार्यशाला में भाग लेने विभिन्न जगहों से आये हुये हैं। जर्मनी से आये प्रोफेसर क्रिस्टोफ हरमन, डॉ. स्टीफन एवं मिस स्टफनी एमन्स, बिट्स पिलानी मैकेनिकल इंजीनियनिरिंग विभाग के प्रोफेसर के.एस. सागवान, डॉ. अभिजीत के दिगलवार, विकरांत भाकर, डॉ. एमएस सोनी ने अपने क्षेत्र/विषयों से सम्बंधित जानकारी आये हुए प्रतिनिधियों को दी। डॉ. स्मिता रघुवंशी ने अंत में आये सभी प्रतिनिधियों को धन्यवाद प्रेषित किया।

दैनिक उद्योग आस-पास जयपुर, 4 नवंबर, बुधवार, पेज नं. 5

बिट्स में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

पिलानी। बिट्स पिलानी मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, इंस्टीट्यूट ऑफ मशीन टूल एंड प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी, टेक्नीसाइन यूनिवर्सिटी जर्मनी और इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सस्टेनबल इंजीनियरिंग विषय पर कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि बिट्स निदेशक प्रोफेसर अशोककुमार सरकार द्वारा किया गया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी प्रो. एससी सिवासुब्रमन्य ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यशाला के संयोजक प्रोफेसर केएस सांगवान ने बताया कि पिछले 6 सालों के सहयोग एवं संयुक्त प्रयासों से यह अंतरराष्ट्रीय सेमीनार हो रहा हैं। कार्यशाला में 70 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। जर्मनी से आए प्रोफेसर क्रिस्टोफ हरमन, डॉ. स्टीफन एवं मिस स्टफनी एमंस, बिट्स पिलानी मैकेनिकल इंजीनियनिरिंग विभाग के प्रोफेसर के. एस सागवान, डॉ अभिजीत के दिगलवार, विक्रांत भाकर, डॉ. एमएस सोनी ने अपने क्षेत्र-विषयों से संबंधित जानकारी आए हुए प्रतिनिधियों को दी। डॉ. स्मिता रघुवंशी ने अंत में आए सभी प्रतिनिधियों को धन्यवाद प्रेषित किया।